'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 63 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शनिवार, 18 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## देश को कमजोर करना चाहता है 'इंडिया' गठबंधन : कृष्णपाल गुर्जर

**भाजपा प्रत्याशी ने पृथला क्षेत्र के गांवों में तूफानी दौरा कर मांगा समर्थन**

**तपती गर्मी में हजारों-हजारों की भीड़ ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भरी जीत की हुंकार**



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने 'इंडिया' गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह गठबंधन बिना दूल्हे की बारात और बिना ड्राईवर की गाड़ी की तरह है, सभी भ्रष्टाचारी मिलकर मोदी को हटाना चाहते है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी देश को निरंतर मजबूत करने में लगे हुए है। इस गठबंधन के लोग पाकिस्तानी भाषा बोलते है और कहते है कि पाकिस्तान ने चूड़ी नहीं पहन रखी, जबकि मोदी जी कहते है कि अगर नहीं पहनी हैं तो पहना देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बात करे तो वह इस बार आधी सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है और अपनी इज्जत बचाने में जुटी है, उसे चिंता है कि उसकी सीटें 50 से कम न रह जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के अलावा ऐसी कौन सी पार्टी या दल है, जो बहुमत की सरकार बना सकता है? ऐसा कोई नही है इसलिए इन भ्रष्टाचारियों के बहकावे में न आकर 25 मई को कमल के निशान का बटन दबाकर देश में तीसरी बार भाजपा के रुप में बहुमत की सरकार चुनकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करे। श्री गुर्जर आज अपने चुनावी अभियान के तहत पृथला क्षेत्र के गांव पृथला, दुधौला, आमरु, पातली सैदपुर, फिरोजपुर, नया गांव, जनौली, अलावलपुर में ग्रामीणों द्वारा आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उनके साथ पृथला क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत मुख्य रुप से मौजूद थे। तपती गर्मी में भी जनसभाओं में लोगों की उमड़ी हजारों-हजारों की भीड़ ने एक स्वर में कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में हुंकार भरते हुए उन्हें लगातार तीसरी बाद भारी वोटों से जिताकर संसद भेजने का ऐलान किया। श्री गुर्जर को वाहनों के काफिले के माध्यम से सभा स्थलों तक लाया गया, जहां अर्थमूवर्स के माध्यम से उन पर पुष्प वर्षा की और गांवों की सरदारी द्वारा उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी पहनाकर बड़ी माला के द्वारा उनका स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह के रुप में गदा भेंट कर उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। सभाओं में उपर्सथितजनों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल ने कहा कि यह चुनाव हमारी आने वाली पीढियों का भविष्य सुरक्षित करेगा? पिछले 70 सालों में जितने काम हुए, उनसे ज्यादा मोदी सरकार ने दस सालों में कर दिखाए, जो वायदे जनता से किए, उन्हें पूरा भी किया और आज हर वर्ग सरकार की नीतियों से लाभानवित हो रहा है। उन्होंने पृथला क्षेत्र के विकास की बात करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में जहां 900 करोड़ की लागत से श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ वहीं करोड़ों की लागत से रेनीवेल परियोजना शुरू हुई, जिसके तहत हर घर मीठा पानी पहुंच रहा है। वहीं 200 करोड़ की लागत से क्षेत्र की सडकों का नवीनीकरण किया गया, प्रमुख सडकों के साथ-साथ गांवों में भी सडकों का जीर्णोद्धार किया गया। जो पृथला क्षेत्र विकास की धुरी से पिछड़ गया था, उसे पटरी पर लाने का काम किया गया। श्री गुर्जर ने विधायक नयनपाल रावत की प्रशंसा करते हुए कहा कि निर्दलीय चुनाव जितने के बाद नयनपाल रावत ने बिना स्वार्थ भाजपा को समर्थन दिया और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भी यहां भाजपा का विधायक न होने के बावजूद यहां विकास कार्यो में कोई कमी बाकि नहीं छोड़ी। इस क्षेत्र में जहां स्कूलों का अपग्रेड किया गया वहीं महिला कालेज, नर्सिंग कालेज, आईटीआई सेंटर सहित अनेकों ऐसे कार्य किए, जिसके चलते ग्रामीण आंचल में पढने वाले बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ा बल्कि अपने क्षेत्र में ही उन्हें उच्च शिक्षा हासिल हो रही है। श्री गुर्जर ने लोगों से कहा कि अगर वह देश को विश्व में मजबूत और विकसित देखना चाहते है और आने वाली 25 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करके नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बहुमत की सरकार बनाने का कार्य करे। इस मौके पर पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से पृथला क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए है, यहां से भाजपा का विधायक न होने के बावजूद यहां सरकार ने विकास कार्यो में कभी कोई कमी नहीं आने दी और भरसक विकास कराया। श्री रावत ने कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि पृथला क्षेत्र की जनता विकास रुपी इस ऋण को उनके पक्ष में भारी मतदान करके उतारेगी और उन्हें सभी नौ विधानसभाओं में से यहां से सबसे ज्यादा वोटों से जिताकर देश की संसद में भेजने का काम करेगी।

इस मौके पर डा. बलदेव अलावलपुर, बिजेंद्र नेहरा, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, धर्म चौधरी, विनोद भाटी, सतीश कुमार पार्षद, नरेंद्र अत्री, रामनिवास तंवर, दया तंवर, बबीता तंवर, मांगेराम कटारिया, पूर्व सरपंच लौकरी, पूर्व सरपंच चौ रघुबीर, नीरज सरपंच, कल्लू पहलवान, पवन मंडल अध्यक्ष, ओमवीर सरपंच, संजय सरपंच, धर्मबीर सरपंच पातली, सुमितपाल राणा, सूरज ठाकुर, रमेश, पप्पू सरपंच, श्याम ठाकुर, मास्टर सुरेंद्र राणा, रोहताश सरपंच, राजू सरपंच, गुड्डू सरपंच, दिगम्बर चौधरी, सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गरीब, दलित, पिछड़ा विरोधी मानसिकता से ग्रस्त भाजपा को सिखाएं सबक : महेन्द्र प्रताप सिंह

**फुलवाडी में कांग्रेस प्रत्याशी का हुआ जोरदार स्वागत**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस बार यह लड़ाई सिर्फ चुनावी नहीं है बल्कि संविधान व देश को बचाने की भी है। क्योंकि गरीब, दलित व पिछड़ा विरोधी मानसिकता से ग्रस्त भाजपा संविधान को बदलने की बात कह रही है। ऐसे में इन जमलेबाज भाजपाईयों से अपने आपको बचाने का सही वक्त आ गया है, क्योंकि लोकतंत्र में वोट ही सबसे बडी ताकत होती है, इसलिए अपनी वोट की ताकत का एहसास कराओ। महेन्द्र प्रताप सिंह शुक्रवार को पलवल के फुलवाडी में आयोजित एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

उनके साथ पलवल के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन बिजेन्द्र चांट, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा प्रभारी सत्यभान गहलौत तथा युवा कांग्रेस हरियाणा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मयंक चौधरी भी मुख्यरूप से मौजूद थे। जबकि रैली का संचालन आयोजक युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरेसिंह पोसवाल द्वारा किया गया। चुनावी सभा में हजारों लोगों की हाजरी ने इसे एक बडी रैली का रूप दे दिया जहां मंच पर इलाके की ओर से पगडी बांधकर अपने खुल समर्थन का ऐलान किया गया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसान की एमएसपी, युवा के रोजगार व व्यापारी की सुरक्षा देने के लिए कांग्रेस की जीत जरूरी है। क्योंकि मोदी की गारंटी जनता के समक्ष जुम्ले साबित हुई हैं इसलिए यहां के लोगों को कांग्रेस की गारंटी पर विश्वास है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आम गरीब, किसान, मजदूर, कमेरे, युवा महिला व बेरोजगारों के हितार्थ कार्य किए हैं।

रैली में भारी भीड से गदगद महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों को भावनात्मक जोडते हुए कहा कि लोगों के चेहरों पर मुस्कान बता रही है कि यहां के लोगों ने भाजपा को हराने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने इस जोश और उत्साह को बढाते हुए एकजुट हो कांग्रेस पार्टी के चुनाव निशान हाथ के पंजे पर मोहर लगाकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें जिससे कि आने वाले समय में हरियाणा विधानसभा में भी कांग्रेस की सरकार बन सके। वहीं पलवल के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने अपने संबोधन में भाजपा प्रत्याशी पर जमकर निशाने साधे।

उन्होंने कहा की अब इस अहंकारी भाजपा के अहंकार को खत्म करने का समय आ गया है, अगर हमने ऐसे लोगो को फिर से मौका दे दिया तो यह इलाका हमें बर्दास्त नही करेगा, इसलिए अब समय है कि सब एकजुट हो जाओ और जो अपने आप को कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप बनकर चुनाव लड़ो। वहीं रैली के आयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष फिरेसिंह पोसवाल ने लोगों से दोनों हाथ उठवाकर आश्वासन दिया कि इस बार पलवल की जनता भारी बहुमत से महेन्द्र प्रताप सिंह को जिताएगी क्योंकि आज के हालातों में बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह की जीत जरूरी है।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्र शेखर, कर्नल डॉ. राजेन्द्र रावत, जगबीर प्रधान, हेमराज बाबूजी, राजकुमार, अजब सिंह, नत्थू, बिक्रम, बीरसिंह पूर्व सरपंच, राहुल सरपंच, देशराज पूर्व सरपंच सूरजमल पूर्व सरपंच, महावीर बोहरे जी, उददी, डॉ. राजेन्द्र, हरिचंद, शिवराज सरपंच रीबड, सविता चौधरी, महेश सरपंच काशीपुर, पप्पू असावटा, बेदी पार्षद कुशलीपुर, चरतरात सूबेदार, भरत सरपंच, राकेश नागर लोहागढ, दिनेश रायदास्का, सोनू बिलोचपुर आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हरियाणा में 18 को प्रधानमंत्री मोदी, 19 को नड्डा, 20 को शाह और योगी, 22 को राजनाथ सिंह

**जयंत चौधरी, दीया कुमारी, सतपाल महाराज के भी कार्यक्रम तय : अरविंद सैनी**

**बड़े नेताओं के दौरे से हरियाणा में और प्रचंड होगी मोदी हवा : अरविंद सैनी**

**अंबाला और रोहतक लोकसभा में होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली**

**घरौंडा, कलायत और भिवानी में रैली करेंगे राजनाथ सिंह**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे हरियाणा में भाजपा के आला नेताओं की ताबड़तोड़ रैलियां और कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 मई शनिवार को हरियाणा में दो रैलियां करेंगे। दोपहर को अंबाला लोकसभा और शाम को सोनीपत लोकसभा के गोहाना में रैलियां कर माहौल को पूरी तरह भाजपा के पक्ष में करेंगे।

भाजपा हरियाणा के मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि हरियाणा में प्रधानमंत्री की इन दो रैलियों के बाद भी एक के बाद एक स्टार प्रचारकों की रैलियां और कार्यक्रम 23 मई तक लगातार जारी रहेंगे। एक -एक नेता के एक -एक दिन में कई-कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। 18 मई को प्रधानमंत्री की रैलियों के बाद 19 मई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तीन रैलियां रखी गई है। भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 19 को फरीदाबाद, कैथल और करनाल से शक्तिशाली और विकसित भारत के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनआशीर्वाद मांगेंगे। इसी तरह 19 मई को ही राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी फरीदाबाद के पलवल में भाजपा के लिए वोट करने की अपील जनता से करेंगे।

20 मई को प्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सतपाल महाराज जैसे तीन बड़े नेताओं के कार्यक्रम रहेंगे। 20 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा में रहेंगे। हिसार और करनाल लोकसभा में उनकी रैलियों का कार्यक्रम तय हो चुका है। इसी दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर में सिरसा की अनाज मंडी में तथा शाम को रोहतक लोकसभा के झज्जर में रैली को संबोधित करेंगे। 20 मई को ही सतपाल महाराज सोनीपत और भिवानी लोकसभा में जनसभाएं कर मोदी सरकार की उपलबधियां गिनाकर भाजपा के लिए वोट की अपील करेंगे।

मीडिया प्रभारी श्री सैनी ने बताया कि केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी 22 मई को एक ही दिन में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे। राजनाथ सिंह 22 मई को 11 बजे करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के समर्थन में घरौंडा में एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे।

इसी तरह श्री राजनाथ सिंह की दूसरी रैली 2 बजे कैथल जिला के कलायत में होगी। यहां राजनाथ सिंह कुरूक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में लोगों को संबोधित करेंगे।

अरविंद सैनी ने कहा कि राजनाथ सिंह की तीसरी रैली चार बजे भिवानी के हुडा पार्क ग्राउंड में होगी। यहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में जनता से वोटों की अपील करेंगे। इसके अगले दिन 23 को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा में रहेंगे। मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के पाली में विशाल रैली कर भाजपा की चुनावी जमीन को और मजबूत करेंगे।

अरविंद सैनी ने बताया कि राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी 18 मई को भिवानी महेंद्रगढ़ में भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट की अपील करेगी। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और हरियाणा की सभी सीटों पर भाजपा बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेगी।




# स्व. रतनलाल कटारिया की पहली पुण्यतिथि पर अंबाला में पीएम मोदी रैली को करेंगे सबोधित : ज्ञानचंद गुप्ता

**पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग जाएंगे अंबाला**

**प्रधानमंत्री मोदी को देखने और सुनने के लिए लोगों में उत्साह**

**पीएम मोदी के एक-एक शब्द कार्यकर्ताओं में भरेंगे नया जोश और उत्साह**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पूर्व सांसद स्व. रतनलाल कटारिया की पुण्य तिथि 18 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबाला में एक बड़ी रेली को संबोधित करेंगे। पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग मोदी को सुनने अंबाला जाएंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री को देखने और सुनने के लिए लोगों में जबरदस्त जोश और उत्साह है। श्री गुप्ता शुक्रवार को भाजपा चुनाव कार्यालय एससीओ नंबर 413 सेक्टर -8 में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर श्री गुप्ता ने किसानों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को दूसरी पार्टियों द्वारा प्रायोजित बताया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग, विधानसभा संयोजक हरेंद्र मलिक भी उपस्थित रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 18 मई को अंबाला में होने वाली रैली को लेकर पिछले दो दिनों में कई बैठकें हुई और इन बैठकों में कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी जी की रैली का निमंत्रण भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर गांव व शहरों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की रैली बड़ी और भव्य होगी। उन्होंने कहा कि पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग अंबाला पहुंचेंगे जिनकी व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र की जनता हमेशा भाजपा के साथ रही है। पिछली बार भी 3 लाख 75 हजार वोटों से भाजपा ने यहां जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा इस बार भाजपा का लक्ष्य 5 लाख वोटों से जीत हासिल करना है। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंबाला से विशेष लगाव रहा है। नरेंद्र मोदी प्रदेश प्रभारी के रूप में हरियाणा रहे हैं और अंबाला के एक-एक कार्यकर्ता से उनके व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का हम सभी को मार्गदर्शन मिलेगा और कार्यकर्ताओं में नए जोश और नई उर्जा का संचार होगा। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के रेवाड़ी से अपनी पहली रैली की थी। तभी से मोदी जी का लगाव हरियाणा से और अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि पंचकूला और कालका विधानसभा से 10 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता अंबाला पहुंचेंगे। एक सवाल के जवाब में श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की जीत तय है। उन्होंने कहा कि पंचकूला विधानसभा में 203 बूथ है। लगभग 10 बूथों पर एक कलस्टर हैड और एक उनका सहयोगी नियुक्त किया गया है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ की जिम्मेदारी कलस्टर हेड की होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी हर बूथ पर कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जिस पर बूथ पर भाजपा के पक्ष में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान होगा उस बूथ अध्यक्ष को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि अंबाला लोकसभा में हर व्यक्ति मोदी जी की रैली में जाने के लिए उत्सुक है। यहां लाखों लोग मोदी जी के प्रशंसक हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि हरियाणा का माहौल भाजपा के पक्ष में है। हरियाणा की जनता ने 10 की 10 लोकसभाओं में कमल खिलाने का मन बनाया हुआ है।

**पीएम मोदी का विरोध करने वाले विपक्ष द्वारा प्रायोजित लोग हैं :**

गुप्ता किसान संगठनों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की रैली का विरोध करने के एक सवाल पर श्री गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार की उपलबधियों से हरियाणा की जनता खुश है। लोगों में मोदी को सुनने और मोदी को देखने की उत्सुकता है। किसानों के नाम पर जो लोग विरोध करने बात कर रहे हैं वे विपक्ष द्वारा प्रायोजित लोग हैं। चुनाव के दौरान हर पार्टी के प्रत्याशी को प्रचार करने का अधिकार है। श्री गुप्ता ने कहा कि किसानों के लिए जितने काम 10 साल में हुए हैं उतने काम कांग्रेस अपने 60 साल के शासनकाल में नहीं कर पाई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान मोदी सरकार और नायब सरकार से खुश हैं।

# जजपा का युवा नेतृत्व प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा : दिग्विजय



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा का चुनाव अब रोचक होता जा रहा है। जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राहुल यादव फ़ाज़िलपुरिया के लिए प्रचार में पार्टी के शीर्ष नेता दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला में मैदान में उतर आये हैं। शुक्रवार को दिग्विजय चौटाला ने फ़ाज़िलपुरिया के पक्ष में धुआंधार प्रचार किया और शनिवार को प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला स्वयं भी गुरुग्राम लोकसभा उम्मीदवार राहुल फ़ाज़िलपुरिया के लिए प्रचार करेंगे। शुक्रवार को दिग्विजय चौटाला के साथ मिलकर राहुल यादव फ़ाज़िलपुरिया ने शिकोहपुर, रामपुर, नवादा और नाहरपुर में जनसंवाद किया दिग्विजय के आते ही ढोल नगाड़ों के बीच उनका स्वागत किया गया जनता को संबोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि पूरे प्रदेश से जनता का हुजूम हमारे साथ जुड़ रहा है इसे देखकर न केवल हमारा हौसला बढ़ता है, बल्कि ये विश्वास और मजबूत हो जाता है कि इस चुनाव में हरियाणा की जनता बदलाव के हक में ही वोट करेगी दिग्विजय जी ने जनता को विश्वास दिलाया कि जननायक जनता पार्टी का युवा नेतृत्व प्रदेश को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा राहुल फ़ाज़िलपुरिया ने मौजूदा सरकार पर पूंजीपतियों के मित्र होने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग जानबूझ कर सरकारी स्कूलों की व्यवस्था दुरुस्त नहीं करवा रहे हैं क्योंकि अगर सरकारी स्कूलों में भी अच्छी पढ़ाई होने लगी तो कोई प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने के लिए डोनेशन में मोटी रकम नहीं देगा और अगर ऐसा नहीं हुआ तो उद्योगपतियों का निवेश डूब जाएगा आज कल शिक्षा भी व्यापार हो गया है और ये महंगे महंगे प्राइवेट स्कूल सुविधा देने के नाम पे अभिभावकों से फीस के रूप में मोटी रकम वसूल कर रहे हैं प्राइवेट स्कूलों की ये मनमानी बंद होनी चाहिए राहुल यादव फ़ाज़िलपुरिया ने जनता के सामने ये वादा किया कि अगर जनता ने उन्हें आशीर्वाद दिया तो सरकारी स्कूलों में प्राइवेट से भी अच्छी सुविधाएँ मिलेंगी राहुल ने कहा कि वो सुनिश्चित करेंगे कि स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त नियुक्ति होगी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था होगी, स्कूलों की जर्जर इमारतों को दुरुस्त कराया जाएगा इसके अलावा ये भी सुनिश्चित किया जाएगा कि शिक्षक और विद्यार्थी स्कूलों में नियमित आएं इसके अलावा यूनिफार्म और अध्य्यन सामग्री वितरण का भी ध्यान रखा जाएगा ताकी इलाके के हर विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा मिले।

फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि केवल एक हिस्से में ऊँची ऊँची इमारतें बना देने भर से क्षेत्र का विकास नहीं हो जाता और अगर देखा जाए तो ये ऊँचीं इमारतें भी सरकारों ने नहीं बल्कि बिल्डरों ने बनवाई हैं गुडगाँव को चहुँमुखी विकास की ज़रुरत है जिसके लिए मौजूदा नीतियों में व्यापक फेर बदल की आवश्यकता पड़ेगी गुडगाँव शहर में एक तरफ ऊँची इमारते हैं, दूसरी तरफ कूड़े के ऊँचे ऊँचे पहाड़ कूड़ा डंपिंग और उसके निस्तारण के लिए बनाई गयी नीतियों पर पर पुनर्विचार किये जाने की आवश्यकता है राहुल ने कहा कि राव साहब ने इलाके की समस्याओं पर कभी ध्यान नहीं दिया फिर भी वो कहते हैं कि गुडगाँव का वोट तो उन्हें मिल ही जाएगा, मानो गुडगाँव को वो अपनी जागीर समझते हैं गुडगाँव की जनता इस बार बदलाव के हक में वोट कर के राव साहब की ये ग़लतफहमी भी दूर कर देगी राव साहब ने आम जनता की समस्याएँ कभी झेली ही नहीं हैं इसलिए कभी समाधान नहीं कर सकते ये ही वो लोग है जो ज़ुकाम और बुखार का इलाज करवाने भी विलायत जाते हैं इधर उनके क्षेत्र के लोग बड़ी से बड़ी बीमारी के इलाज के लिए भी दर दर ठोकर खाने को मजबूर हैं फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि गुडगाँव के मौजूदा सांसद हर मोर्चे पर विफल रहे हैं ऐसे में उन्हें कोई हक नहीं है कि वो दोबारा संसद में आने की सोचें भी राहुल ने मौजूद जनता को विश्वास दिलाया कि गुड़गाँव के दु:ख भरे दिन अब जल्द ही बीतने वाले हैं क्योंकि गुड़गाँववासियों ने बदलाव करने की ठान ली है।

# मुंबई एक्सप्रेस से राज बब्बर को मुंबई वापस भेजे : आरती राव



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव ने शुक्रवार को अपने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पर जमकर वार किए। उन्होंने राज बब्बर का नाम लिए बगैर बाहरी बताते हुए कहा कि कुछ लोगों को गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में विकास दिखाई नहीं दे रहा।

गुड़गांव की जनता क्या यह दायित्व है कि उन्हें दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस में दिखाए और 25 मई को इसी एक्सप्रेसवे से उन्हें मुंबई वापस भेजने का काम करे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है 25 मई को यहां की जनता कांग्रेस के प्रत्याशी को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस में दिखाकर उन्हें इसी रास्ते से 12 घंटे में मुंबई भेजेगी। क्योंकि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे बनाने के बाद मुंबई का 24 घंटे का सफर 12 घंटे का हो गया है।

**राव इंद्रजीत परखा और तजुर्बेकार व्यक्तित्व**

**जनता कांग्रेस के प्रत्याशी को इसी रास्ते से 12 घंटे में मुंबई भेजेगी**

**मुंबई एक्सप्रेसवे बनाने के बाद मुंबई का 24 घंटे का सफर 12 घंटे का हुआ**

**राव इंद्रजीत ने लोगों से जो कुछ कहा है वो करके भी दिखाया**

आरती राव ने कहा कांग्रेस ने ऐसे उम्मीदवार को गुड़गांव से प्रत्याशी बनाया है जो चुनाव क्षेत्र बदल लेता है। जबकि उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह जन सहयोग से लगातार एक ही क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसा इसलिए की राव इंद्रजीत सिंह लोगों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो कहा है वह करके दिखाया है। राव इंद्रजीत सिंह परखा हुआ और तजुर्बेकार व्यक्तित्व है। उनके पिता लोगों के दिलों पर राज करते हैं। उनके लिए परिवार से पहले क्षेत्र की जनता रही है। ऐसे कितने ही उदाहरण है जब उन्होंने पारिवारिक जरूरतों को दरकिनार कर क्षेत्र की जनता के हकों की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में राव इंद्रजीत की ओर से इलाके की दमदार पैरवी के बलबूते ही बड़ी-बड़ी विकास परियोजनाएं सिरे चढ़ पाई है। रेवाड़ी नारनौल बाईपास से समृद्धि के द्वार खुले हैं। डेडीकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर आने वाले दिनों में यहां की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को यूपी से सीधे राजस्थान निकालने की योजना थी। राव इंद्रजीत की पैरवी के कारण ही यह हरियाणा के हिस्से से निकल गया है।

**गुरुग्राम की तस्वीर बदलने का कार्य किया**

आरती ने कहा कि मुद्दा विहीन कांग्रेस जनता के बीच जाकर झूठ फैलाने के लिए अलावा कुछ नहीं कर पा रही है। भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। उनके पिता की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। जो कहा, वह करके दिखाया है। जिन परियोजनाओं के बारे में हम सपने में भी नहीं सोचते थे, उन्हें राव इंद्रजीत सिंह साकार करके दिखाया है।

आरती राव ने कहा कि उनके पिता ने पिछले 10 वर्षों में गुरुग्राम की तस्वीर बदलने का कार्य किया है। आने वाले पांच साल में क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। गुरुग्राम लोकसभा के सुधी मतदाताओं का एक-एक वोट विकास को पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी के भी बहकावे में नहीं आकर 25 मई को एक-एक वोट कमल के फूल पर देकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। राव इंद्रजीत सिंह को यहां रेकॉर्ड मतों से जीताकर भेजना है।

# बिना रेरा पंजीकरण के ही बिल्डर्स ने घर खरीदारों से ले लिये करोड़ों रुपये

**रेरा नियमों के अनुसार ऐसा करना है दंडनीय अपराध**

**प्री-बुकिंग के नाम पर बुकिंग राशि नहीं ले सकती डेवेलपर, बिल्डर**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** फ्लैट्स की प्री-बुकिंग की नाम से तीन बिल्डर द्वारा रेरा के नियमों का उल्लंघन किया है। नियमों में साफ दिया गया है कि किसी प्रोजेक्ट के रेरा पंजीकरण के बिना कोई भी डेवेलपर नए प्रोजेक्ट के लिए प्री-बुकिंग नहीं कर सकता। रेरा एक्सपर्ट एवं मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट ने इसकी शिकायत हरियाणा के मुख्यमंत्री से की है।

अभय जैन के अनुसार हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण से अनिवार्य रेरा पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त किए बिना डेवलपर्स अपनी प्रोजेक्ट से फ्लैट बुकिंग कर रहे हें। यह रियल एस्टेट अधिनियम, 2016 की धारा 3 का घोर उल्लंघन है। ऐसी हजारों घटनाएं हैं, जहां भोले-भाले खरीदारों को डेवलपर्स की आगामी परियोजनाओं के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) की आड़ में अच्छी रकम देने का लालच दिया गया। पहले इसे प्री-बुकिंग कहकर प्रोजेक्ट बेचे जाते थे, लेकिन अब ईओआई कहा जाने लगा है। अधिनियम, 2016 की धारा 3 में स्पष्ट कहा गया है कि डेवेलपर अपने प्रोजेक्ट को संबंधित प्राधिकरण से पंजीकृत कराए बिना एक पैसा भी एकत्र नहीं कर सकता है। कोई भी प्रमोटर किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट या उसके हिस्से में, जैसा भी मामला हो, किसी प्लॉट, अपार्टमेंट या इमारत का विज्ञापन, विपणन, पुस्तक, बिक्री या बिक्री की पेशकश नहीं करेगा। इसके अलावा किसी भी तरीके से व्यक्तियों को खरीदने के लिए आमंत्रित नहीं करेगा। इस अधिनियम के तहत स्थापित रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के साथ रियल एस्टेट परियोजना को पंजीकृत किए बिना कोई भी योजना सिरे नहीं चढ़ाई जा सकती।

अभय जैन के मुताबिक, कुछ खरीदारों से पता चला है कि प्रमुख डेवलपर्स जैसे वाटिका वन इंडिया नेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड अपने आगामी प्रोजेक्ट वाटिका क्रॉसओवर के लिए सेक्टर-82ए, सिग्नेचर ग्लोबल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड अपने आगामी लक्जरी अपार्टमेंट प्रोजेक्ट सिग्नेचर ग्लोबल सिटी, सेक्टर-37डी गुरुग्राम और एडोर प्रॉपमार्ट एलएलपी ने सेक्टर-77 मानेसर में अपने आगामी प्रोजेक्ट द सेलेक्ट प्रीमिया के लिए बड़ी संख्या में अपनी इकाइयां बेची थीं। उन्होंने कहा कि रेरा के नियमों के अनुसार हर प्रोजेक्ट के लिए अलग से बैंक खाता होना चाहिए और घर खरीदारों द्वारा जमा कराई जाने वाले रकम उसी खाते में जमा हो। प्रोजेक्ट में अगर डेवेलपर देरी करता है तो उस खाते को फ्रीज किया जाना चाहिए, ताकि उस पैसे का किसी दूसरे काम में उपयोग ना हो।

अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि वर्ष 2005 से 2015 तक के वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में डेवलपर्स ने अपनी सेंकड़ों आगामी परियोजनाएं खरीदारों को बेचकर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा से आवश्यक अनिवार्य लाइसेंस के बिना खरीदारों से भारी राशि एकत्र की थी। उन्होंने कहा कि एक मई 2017 को रेरा का गठन हुआ था। रेरा के इस नियम को पूरा तरह से माना जाता था, लेकिन अब पिछले कुछ समय से रेरा के इस पंजीकरण वाले नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां ऐसे डेवलपर्स ने ऐसे खरीदारों से एकत्र की गई बड़ी राशि का दुरुपयोग या हेराफेरी की है। इस प्रकार परियोजनाएं अभी भी पूरी नहीं हुई हैं। यही कारण है कि ऐसे डेवलपर्स को भारी रकम चुकाने के बावजूद हजारों खरीदार अभी भी अपनी आवासीय इकाइयां पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ डेवलपर्स अभी भी आगामी परियोजनाओं की अपनी प्रस्तावित इकाइयों को बेच रहे हैं। उनका अनुरोध है कि ऐसे डेवलपर्स के खिलाफ रेरा को कार्रवाई करने का निर्देश दें, जो अभी भी अपनी प्रस्तावित इकाइयों को बेच रहे हैं। अभय जैन एडवोकेट के अनुसार रेरा के चेयरमैन अरुण कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया है कि इस तरह के मामलों की जांच करके दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नवीन गोयल ने कनीना में किया डोर-टू-डोर प्रचार, सरकार की नीतियां गिनाई

**व्यापारियों, दुकानदारों, आमजन ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का लिया निर्णय**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के संयोजक नवीन गोयल ने भिवानी-महेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के लिए कनीना में डोर-टू-डोर अभियान चलाकर उनके पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान लोगों ने नवीन गोयल का गर्मजोशी से स्वागत किया।

अभियान के दौरान नवीन गोयल ने कहा कि चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो गया है। चुनाव होने में मात्र 8 दिन बाकी हैं। हम सबको तीसरी बार मोदी सरकार 400 पार कराने के लिए एक-एक वोट पोल करानी है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में सभी 10 सीटों पर भाजपा की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर हर किसी को विश्वास है। हर किसी को इन नीतियों का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए काम किया है, उससे साफ है कि भारत देश ही नहीं, दुनिया में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चस्व कायम है। सुपरपावर देशों ने जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी को अपने देशों में सम्मान दिया है, उससे हम कह सकते हैं हम भारत की साख दुनिया में मजबूत करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता वैसे तो जागरुक है। फिर भी हमें हर मतदाता से यही अपील की है कि वे मतदान के दिन भाजपा के चुनाव निशान कमल के फूल पर वोट दें, ताकि अपने देश का भविष्य मजबूत हाथों में हो। नवीन गोयल ने कहा कि युवाओं, बुजुर्गों, किसानों, बेरोजगारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। युवाओं को नौकरियों के पत्र देकर उन्होंने सम्मानित किया। किसानों के खातों में पैसे ट्रांसफर करके उन्हें वर्षों से राहत दी जा रही है। बुजुर्गों के सम्मान राशि के रूप में पेंशन दी जा रही है। इस तरह से हर वर्ग के लिए सरकार ने योजनाओं को धरातल पर उतारा है। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, कार्तिक शर्मा, राहुल मित्तल, पूर्व पार्षद मोहन सिंह, श्रीराम शर्मा बाघोत, सुंदर सिंह सेवानिवृत मास्टर, मनीष गुप्ता, प्रिंस फैशन प्वायंट से मनोज रोहिल्ला, महेंद्र शर्मा, बलवान आर्य, राहुल यादव, अशोक कुमार, नरेंद्र मित्तल, विनोद चौधरी, महेंद्र, चिपू, शिबू पंसानी, हरिराम मित्तल, वेदप्रकाश, मोहित, नवीन मित्तल, रविंद्र बंसल, महेंद्र मित्तल, किरपाराम, विजय जिंदल, अनूप महेंद्र, जितेंद्र, मनीष, रवि, विनीत, सुरेश, नीटू जांगड़ा, महीपाल, पवन, नितेश गुप्ता, पकंज, दीपक चौधरी, मनोज जांगड़ा, सोनू जांगड़ा, नरेश एडवोकेट, राम प्रताप, जगन भोरा, जगदीश, विनोद, बिजेंद्र, राजेंद्र, ओमपाल ईशू वाल्मीकि, हेमंत श्योराण, जितेश गोगिया, राजू आदि साथ रहे।

# चंदावली गांव में बिजेंदर नेहरा संग भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर किया चुनाव प्रचार

## कृष्णपाल गुर्जर को जिताने के लिए कर रहे हैं कड़ी मेहनत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर की जीत के लिए पृथला क्षेत्र में घर घर प्रचार में खूब पसीना बहा रहे हैं बीजेपी प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा। शुक्रवार को बिजेन्द्र नेहरा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के बड़े गाँव चंदावली में घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करके अपने लोकसभा प्रत्याशी श्री कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतो से जिताने के लिए गांववासियों से अपील की। बिजेंद्र नेहरा ने बीजेपी के कार्यकर्ताओं सहित फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के सिर पर जीत का सेहरा बांधने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पृथला विधानसभा में डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर उनको भाजपा की प्रचार सामग्री देने के साथ-साथ उनका डाटा अपने मोबाइल में फीड कर रहे हैं। बिजेंदर नेहरा ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मीटिंग कर उनको जिम्मेदारी सौंप दी है कि वह प्रत्येक बूथ के मतदाताओं के घर या अन्य प्रतिष्ठानों पर जाकर उनसे संपर्क करें उनको भाजपा के चुनाव प्रचार की सामग्री दें और उनकी डिटेल अपने मोबाइल में अपडेट करने के साथ-साथ उनसे भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में वोट मांगें। इस अवसर रिंकु सैनी, नंदकिशोर सैनी, डॉक्टर मुकेश पंडित, त्रिलोक यादव, अरविंद गोयल, सतपाल ठाकुर, उदयबीर सैनी, श्यामवीर, कुंवरपाल, बिजेन्द्र सैनी, सुंदर सिंह, कमल सैनी, दयाचंद सैनी आदि प्रमुख लोग साथ में उपस्थित रहे।





# जिला इन्टर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक को अमित स्वामी ने किया सम्मानित


**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** माउंट हैरीटेज इंटरनेशनल स्कूल के सातवीं कक्षा के छात्र सातविक वशिष्ठ सुपुत्र विजय शर्मा दारा (महासचिव जिम एसोसियेशन रेवाड़ी) ने हाल ही में माउंट हैरीटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जिला रेवाड़ी इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक जीते। सातविक ने प्रो-लाइनर स्केटिंग प्रतियोगिता में ये पदक जीते हैं। सातविक की इस उपलबधि पर यंगमैन्स एसोसियेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एशियन बाडी बिलडिंग एण्ड फिजीक स्पोर्टस फैडरेशन के महानिदेशक अमित स्वामी ने सातविक को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उसे इंडियन ओलमपिक एसोसियेशन का बैज पहना कर तथा ट्रेक सूट भेंट करके सम्मानित किया। अमित स्वामी ने कहा कि सातविक की उपलबधि काबिले तारीफ है और उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी सातविक इसी प्रकार से स्केटिंग खेल में बड़े आयाम अर्जित करेंगे। सातविक अब हरियाणा स्टेट इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर रहे हैं। अमित स्वामी ने सातविक को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।












## संपादकीय

# झूठे वायदे से चुनावों को बचाना होगा




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेज़ी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फ़ासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पर्दापाश पहले ही हो गया है। 'आप' ने अपने कामकाज के तरीक़ेमें पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरुआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ग़रीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव ज़रूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से ग़रीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम ग़रीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हक़ीक़त का। हालांकि यह देखना बाक़ी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

## समस्याओं पर सवाल उठ रहे हैं जिसका जिम्मा हरियाणा सरकार व कॉर्पोरेशन का है : राव इंद्रजीत

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** गुड़गांव लोकसभा बीजेपी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा की जो समस्याएं उठ रही हैं वह सिविल कम्युनिटी की है सिविल कम्युनिटी का काम हरियाणा सरकार व कॉरपोरेशन का मसला है यह ना तो मोदी का काम है ना ही मोदी के एमपी का काम है केंद्र सरकार ने विकास का जो इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया है वह अगर लोगों को नहीं दिखाई देता तो हम क्या कर सकते हैं। लेकिन आने वाले समय में देश एक बड़ी ताकत के रूप में उतरेगी। गुड़गांव लोकसभा भाजपा प्रत्याशी राज इंद्रजीत सिंह ने सोहना बारएसोसिएशन में आयोजित एक बैठक के दौरान कहें। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं हैं आचार संहिता की वजह से वह उनका ऐलान नहीं कर सकते। लेकिन वकीलों की तमाम जो समस्या है उन्हें पूरा किया जाएगा राव इंद्रजीत सिंह ने कांग्रेस के प्रत्याशी अभिनेता राज बब्बर के विकास को लेकर छल वाले बयान को लेकर कहा कि गुड़गांव में मेट्रो एलिवेटेड रोड व अन्य विकास इस बात का प्रमाण है के विकास हो रहा है केंद्र सरकार विकास को लेकर जो इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है वह अगर लोगों को नहीं दिखाई देता है तो उसमें उनकी क्या कमी है

# लोक सभा चुनाव को पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करवाना अधिकारियों का दायित्व : सामान्य पर्यवेक्षक आर. गजलक्ष्मी

### सामान्य पर्यवेक्षक ने मतगणना केंद्रों स्ट्रांग रूम व ईवीएम की तैयारियों का लिया जायजा

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**लोहारू/सिवानी मंडी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भिवानी महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक आर. गजलक्ष्मी ने शुक्रवार को बड़वा, बुढ़ेड़ा तथा सिंघानी गावों के मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया और मतदान केंद्रों पर भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को दी जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। सामान्य पर्यवेक्षक आर. गजलक्ष्मी ने रानी झांसी लक्ष्मी बाई राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में स्थापित स्ट्रांग रूम और ईवीएम व मतदान के लिए तैयार की जा रही अन्य सामग्री का भी निरीक्षण किया।



सामान्य पर्यवेक्षक ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम मशीनों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने वीवीपैट में लगाई जा रही पर्ची का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम मशीनों को तैयार करते समय इनमें प्रयोग होने वाली बैटरी की चार्जिंग अच्छी प्रकार से चेक कर लें। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के फार्मों व अन्य सामग्री को अच्छी प्रकार से जांच कर थैलों में डालें।

सामान्य पर्यवेक्षक ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपूर्ण करवाना अधिकारियों का कर्तव्य है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। स्ट्रांग रूम पर पैनी निगाह रखें। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरी की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा, लाइट, स्वच्छता व नियमों की पालना के बारे में समीक्षा की।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अमित कुमार ने सामान्य पर्यवेक्षक को आश्वस्त किया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पूर्ण रूप से पालना की जाएगी तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम के संबंध में उन्होंने अवगत करवाया कि यहां तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों की विभिन्न शिफ्टों में ड्यूटियां लगाई गई है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी 24 घंटे नजर रखी जा रही है। नाकाबंदी और पेट्रोलिंग पार्टियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे प्रत्येक व्यक्ति की मूवमेंट पर नजर रखें और पूरी तरह से सतर्कता बरतें। इस अवसर पर तहसीलदार विक्रम सिंगला, नायब तहसीलदार संजय शर्मा व गौरव राजोरा तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# समस्याओं का दूसरा नाम है नगीना : रजत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नगीना में करोड़ो की धनराशि खर्च कर विकास कार्य करने का दावा सरकार व प्रशासन करता हो, लेकिन नगीना विकास से दूर है।नगीना में समस्याएं कम होने की बजाय दिनोंदिन बढ़ती नजर आ रही है ।जिसकी वजह से नगीना की चमक धूमिल होती नजर आ रही है।नगीना अब नगीना जैसा नहीं रहा। नगीना में अनेक समस्याएं होने की वजह से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। नगीना की समस्याओं ओर मुख्य मांगो को लेकर सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व समाजसेवी रजत जैन से सवांददाता की बातचीत कौन कौन सी मांगे अधूरी है रजत जैन का क्या कहना है

**मांगे नहीं हुई पूरी :**

रजत जैन के अनुसार नगीना की दशकों पुरानी मांग है अब तक पूरी नहीं हुई है जिनमें मुख्य मांगे नगीना उप तहसील का दर्जा बढ़ाकर तहसील बनाना, खजाना की स्थापना करना,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाकर सामुदायिक केंद्र बनाना, बस अड्डा बनाना, जन स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय खोलना, सरकारी खाद्य बीज वितरण केंद्र की स्थापना, महाविद्यालय में ला एवं बीएड की कक्षाएं शुरू करना ,जल शोधन सयंत्र,कूड़ा निस्तारण केंद्र,सार्वजनिक उपवन, योगशाला,नगीना तिजारा मार्ग,बनाना आदि के केंद्र व विभागों के कार्यालय ना होने की वजह से नगीना विकास की दौड़ में पिछड़ रहा है ।वही पानी बिजली गंदगी अतिक्रमण जैसी समस्याओं से भी जूझ रहा है। बैंकों की शाखाएं भी नगीना में कम है सरकार को ओर अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं नगीना में स्थापित करनी चाहिए। जिससे की जनता को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ आसानी से मिल सकें। डाकखाना में भी सुविधाओं की कमी है।

**बदहाल यातायात व्यवस्था:**

रजत ने बताया की नगीना में यातायात संसाधनों का अभाव होने की वजह से नगीना व्यापारिक दृष्टि से भी काफी पिछड़ गया है। सरकार व प्रशासन की ओर से इस पर कोई विशेष ध्यान ना देने, ठोस योजना न होना व कार्यवाही ना करने की वजह से आज तक भी नगीना में बस अड्डा का निर्माण नहीं हो पाया है ।ये बड़े चिन्ता का विषय है की मात्र वादों और दावों से आगे योजना नहीं बढ़ पाई है ।बल्कि अंबाला, यमुनानगर, चंडीगढ़, अलवर आदि अनेक स्थानों की सीधी बस सेवा भी नगीना से बंद की जा चुकी है।

**महिला सुरक्षा चिंता का विशेष विषय :**

रजत जैन ने बताया की महिला सुरक्षा को लेकर सरकार व प्रशासन गंभीर नहीं है कई बार नगीना में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की जा चुकी है लेकिन आज तक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाए गए हैं ।सार्वजनिक स्ट्रीट लाइटों का भी अभाव है प्रशासन व पंचायत ने कुछ समय पूर्व कुछ लाइटें लगवाई वह भी निजी मालिको के घरों व दुकानों पर लगाकर मामले में खानापूर्ति कर दी गई ।ये लाईट भी उन मालिकों की दयादृष्टि पर ही निर्भर है की कब जलेगी कब बुझेगी ।जिसकी वजह से अक्सर रात को रास्तो व गलियों में अंधेरा व्याप्त रहता है ।कस्बा में एक भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय ना होने की वजह से जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । विशेषकर महिलाओं को विशेष मानसिक परेशानी व शर्मिंदगी का सामना करना पडता है ।यहां तक की पंचायत भवन में भी शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है।

**पानी बिजली की समस्या:**

जैन ने बताया की कस्बा में पानी वितरण प्रणाली की व्यवस्था दुरुस्त ना होने की वजह से अक्सर पानी की समस्या विकराल रूप धारण किए रहती है। बिजली के तार व केबल जर्जर स्थिति में होने की वजह से आए दिन क्षतिग्रस्त होते रहते हैं। जिसकी वजह से अक्सर घंटों बिजली गुल रहती है ।इसके अलावा अघोषित कटों की वजह से भी बिजली गुल हो जाती है।

**सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण की समस्या:**

रजत ने बताया सफाई व्यवस्था नियमित व दुरुस्त ना होने की वजह से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं नालियों की गंदगी की निकासी ना होने की वजह से गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। अतिक्रमण ने भी अपना विकराल रूप धारण किया हुआ है अतिक्रमण गंदगी की वजह से राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।कई बार तो उनकी वजह से मरीज के साथ एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है जिसकी वजह से मरीज की जान को भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। रास्तों के अलावा कई सरकारी भवन, सरकारी, व धार्मिक जमीनों पर भी अतिक्रमण की समस्या से अछूते नहीं है।

**शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओ की कमी :**

उपाध्यक्ष रजत जैन कहा की कहने को तो नगीना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय है लेकिन उनमें मूलभूत सुविधाओं की कमी के साथ-साथ कर्मचारियों का भी टोटा है जिसकी वजह से जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है ।नगीना में राजकीय प्राथमिक पाठशाला से लेकर महाविद्यालय तक है लेकिन इनमें कई कर्मचारियों तो कहीं शिक्षकों के पद रिक्त होने की वजह से शिक्षा ग्रहण कर रहे। विद्यार्थियों को उचित समय पर उचित मार्गदर्शन व शिक्षा नहीं मिल पाती है ।इसके अलावा भी कई कोर्स भी शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध ना होने की वजह से शिक्षा ग्रहण करने के इच्छुक बालक बालिकाओं को मन मसोसकर रहना पड़ता है। कस्बे में कई आंगनवाड़ी केंद्रों को तो आज तक भी अपने भवन उपलब्ध नहीं हो पाए हैं ।जिसकी वजह से वो किराये के भवनों में चल रहे हैं।

**पार्किंग की व्यवस्था नहीं:**

कस्बा में वाहनों को उचित पार्किंग की कोई व्यवस्था ना होने की वजह से वाहन चालक परिचालक वाहनों को बीच रास्तो में आड़े तिरछे खड़े कर देते हैं जिसकी वजह से भी अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है ।आखिर जनता की मांगे कब पूरी होगी और कब समस्याओं से छुटकारा मिलेगी। ये प्रश्न आज चिंता व चिंतन का विषय जनमानस के मन में बना हुआ है।

## लाखों की नकदी लेकर महिला हुई लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से एक महिला लाखों रूपये की नकदी लेकर लापता हो गई। इस बारे में बिरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 16 मई को उसका पुत्र पशुओं का चारा डालने के उठा तो उसकी पत्नी बिस्तर पर नहीं थी। ईधर-उधर तलाश किया जिसका कोई सुराग नहीं लगा। घर में जांच की तो सामान अस्त-व्यस्त पडा मिला,अलमारी खुली होने के साथ-साथ बेची हुई फसल के 226690 रूपये भी गायब मिले। उन्होंने बताया कि नकदी लेकर उसकी पुत्रवधु लापता हो गई। उसका मोबाईल फोन बंद आ रहा है। पुलिस ने बिरेंद्र की शिकायत पर गुमशूदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## राजस्थान की डिप्टी सीएम आज भोजावास व धनौंदा में

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आज 18 मई शनिवार को राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी चौहान कनीना विकास खंड के गांव भोजावास व धनौंदा में चुनावी नुक्कड सभा को सम्बोंधित करेगीं। अटेली विधान सभा संयोजक सुरेश अत्री ने बताया कि पार्टी प्रत्याशी चौ धर्मबीर सिंह के पक्ष में उनकी ओर से सुबह 10 बजे भोजावास, 11 बजे धनौंदा तथा 12 बजे खेडी में सभा को सम्बोंधित करेगीं। उनके साथ भाजपा के युवा नेता मोहित चौधरी भी रहेगें।

## मुडायन की पंचायत को चुनाव के दो वर्ष बाद भी पिछली पंचायत से नहीं दिलाया गया चार्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पंचायत चुनाव होने के दो वर्ष बाद भी तक ग्राम सचिव की ओर से हालिया सरपंच को चार्ज न दिलाने के आरोप में पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर आरोपी ग्राम सचिव के खिलाफ केस दर्ज किया है। कनीना विकास खंड के गांव मुडायन का ग्राम सचिव धर्मपाल नियुक्त था। हालिया पंचायत को चार्ज दिलाने के लिए बीडीपीओ कार्यालय कनीना की ओर से पत्र क्रमांक 6743 दिनांक 3 फरवरी 2022, 1006 दिनांक 10 जून 2022, 1160 दिनांक 22 जून 2022 व 1290 दिनांक 5 जुलाई 2022 जारी कर अवगत कराया गया था। लिखित एवं मौखिक आदेश देने के बावजूद अब तक ग्राम पंचायत मुडायन का पंचायत रिकार्ड चार्ज में नहीं दिया गया। एसपी नारनौल को बीडीपीओ द्वारा भेजी गई शिकायत पर कनीना सदर थाना पुलिस ने ग्राम पंचायत को चार्ज न दिलाने वाले ग्राम सचिव धर्मपाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बीडीपीओ की ओर से बस बारे में जिला उपायुक्त नारनौल,पुलिस अधीक्षक नारनौल, प्रबंध अफसर थाना कनीना को भी पत्र भेजा गया था। एसपी से मिले पत्र को लेकर डीएसपी कनीना की ओर से मुडायन की पंचायत को तलब कर जांच की जिसमें वर्तमान सरपंच को चार्ज देना नहीं पाया गया। पुलिस ने इस बारे में पूर्व सरपंच सहंता यादव व नम्बरदार गुरदयाल सिंह के बयान दर्ज किये गए। इसके बाद पुलिस ने बीडीपीओ कार्यालय से भी रिपोर्ट ली। जिसमें पूर्व सरपंच सहंता यादव व जीपी मुडायन का पंचायती रिकार्ड ग्राम सचिव धर्मपाल के पास होना तथा वर्तमान सरपंच को चार्ज नहीं देना पाया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में सरपंच से रिकार्ड पूरा करने ग्राम सचिव अपने साथ ले गया ओर बाद में वापिस सरपंच को नहीं देना पाया गया। पुलिस ने बीडीपीओ कनीना की शिकायत पर मुडायन गांव की हालिया पंचायत को रिकार्ड-चार्ज न दिलाने के आरोप में ग्राम सचिव धर्मपाल के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि केस की जांच की जा रही है। आरोपी ग्राम सचिव को काबू कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HITECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के विशेष अभियान में सीआईए होडल ने दो अवैध हथियार धारकों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत सीआईए होडल टीम ने दो अवैध हथियार धारकों को अवैध हथियार दो देसी कट्टा एवं 1 कारतूस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए सीआईए होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 16 मई 2024 को उनकी टीम सीआईए में तैनात हेड कांस्टेबल रिंकू एवं श्री चंद के नेतृत्व में गठित टीम ने विश्वसनीय सूत्र की सूचना के आधार पर थाना होडल अंतर्गत हसनपुर चौक होडल पर सवारी के इंतजार में खड़े दो युवकों खटेला थाना मुण्डकटी जिला पलवल निवासी सौरव उर्फ भोला को अवैध हथियार देसी कट्टा एवं कुसलीपुर निवासी मन को अवैध हथियार एक कारतूस से लोडेड देसी कट्टा सहित धर दबोचने में सफलता हासिल की। दोनों आरोपी बरामद हथियार बारे कोई लाईसेन्स व परमिट पेश नहीं कर सके। प्रभारी सीआईए होडल ने बताया कि बरामद अवैध हथियारों को कब्जे में लेकर संबंधित थाना होडल में आरोपीयों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है जिनसे बरामद अवैध हथियार स्त्रोत्र बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपीयों को आज पेश अदालत किया जाएगा।



# पुलिस ने वर्ष 2023 के मारपीट, अपहरण एवं रंगदारी मामले में शामिल पांचवे आरोपी पर कसा शिकंजा

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में थाना हथीन पुलिस ने वर्ष 2023 के मारपीट,अपहरण एवं रंगदारी मामले में शामिल पांचवे आरोपी को धर दबोचने में सफलता हासिल की है।थाना हथीन इंचार्ज निरीक्षक छत्रपाल के अनुसार थाना अंतर्गत चौकी मंडकोला प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार की टीम ने गत दिनांक 16 मई 2024 को वर्ष 2023 के थाना में दर्ज मारपीट, अपहरण एवं रंगदारी मामले में शामिल पांचवे आरोपी को सांपला रोहतक से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पूर्व दिनांक 13 अप्रैल 2024 को जांच इकाई ने इस मामले में शामिल रहे तीन आरोपी एवं दिनांक 15 अप्रैल 2024 को चौथे आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी किआ सोनेट बरामद कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उक्त मामले में पीड़ित कैंटर कंडक्टर नासिर निवासी बेरला थाना तिजारा जिला अलवर राजस्थान की शिकायत पर 4 सितंबर 2023 को थाना हथीन में मामला दर्ज था। पीड़ित के अनुसार रास्ते में नौरंगाबाद पुल के नजदीक पेशाब करने के दौरान आरोपियों ने शिकायतकर्ता एवं चालक कैंटर के साथ मारपीट कर उसका अपनी गाड़ी से अपहरण कर रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों ने उससे फोनपे के माध्यम से 5000 लेकर उसे रोहतक में छोड़कर फरार हो गए थे। तभी से ही पुलिस को उनकी तलाश थी। गिरफ्तार किए गए आरोपी को आज पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# मेट्रो का विस्तार फिरोजपुर झिरका तक किया जाए : रजत जैन

## मेवात के विकास में मील का पत्थर साबित होगी मेट्रो : रजत जैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देश के सबसे पिछड़े जिलों में सम्मिलित जिला नूँह को भी मेट्रो रेल सेवा परियोजना से जोड़ने की मांग जोर पकड़ने लगी है। मेट्रो रेल सेवा से जुड़ने के बाद मेवात के विकास में तेजी आएगी ।ये बात सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता रजत जैन ने कही। उन्होंने कहा की मेवात शैक्षिक, आर्थिक, स्वास्थ्य सेवाओं, के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में काफी पिछड़ा हुआ है। मेवात में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, मात्र अवसरों की कमी है।अगर यहां की जनता को उचित समय पर ,उचित अवसर मिले तो वो भी अपनी प्रतिभा के बल पर अग्रणीय साबित होंगे। उन्होंने कहा की यहां की जनता को व्यापार शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं की कमी होने के कारण गुडगांव ,दिल्ली ,नोएडा गाजियाबाद सहित देश के कई अन्य स्थानों पर आना जाना पड़ता है लेकिन संसाधनों के अभाव की वजह से मात्र कुछ जनता ही बाहर आ जा पाती है, बाकी जनता के अरमान मिट्टी में मिल जाते हैं साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ आने जाने में मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। जैन ने कहा कि मेट्रो रेल सेवा का गुडगांव से फिरोजपुर झिरका तक विस्तारीकरण होने के बाद जनता को देश के अन्य हिस्सों में आने जाने में काफी आसानी हो जाएगी,जिससे समय व पैसे की भी बचत होगी। उचित समय पर उचित अवसरों का लाभ उठाकर मेवात की जनता भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकेगी।



इनकी केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग है कि जिला नूँह के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए जिला नूँह को भी मेट्रो रेल परियोजना से जोड़कर मेट्रो का विस्तार फिरोजपुर झिरका तक किया जाए इसका लाभ अन्य प्रदेशो की जनता को भी मिलेगा और मेवात के विकास को एक नई दिशा मिलेगी साथ ही पर्यावरण को भी लाभ होगा।

# मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर लोगों को देगी कानूनी विषयों की जानकारी

**जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ताओं की गांव अनुसार लगाई ड्यूटियां।**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोगों को कानूनी जागरूकता देने के लिए मोबाइल वैन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मोबाइल वैन में पैनल अधिवक्ताओं की ड्यूटियां निर्धारित की गई है। ये पैनल अधिवक्ता विभिन्न कानूनी विषयों पर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस बारे जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तैयब हुसैन ने बताया कि यह मोबाइल वैन जिला के गांवों के लिए शुरू की गई है, जो निर्धारित किए गए गांवों में जा रही है। इस दौरान पैनल अधिवक्ताओं द्वारा लोगों को विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा दी जा रही कानूनी सहायता, लोक अदालत, विधवा योजनाएं, श्रम कानून, फैक्ट्री एक्ट, चाइल्ड मैरिज, राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाने वाले मामले, सिविल राइट, एनिमल एक्ट व वेलफेयर सहित विभिन्न कानूनी विषयों बारे जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल वैन के माध्यम से जाजूका गांव में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।




# अवैध हथियार सहित दो युवक काबू, तमंचा व कारतूस बरामद, केस दर्ज

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने अवैध हथियार सहित दो युवकों को काबू किया है।जिनसे एक-एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुए है।आरोपियों की पहचान मुनफैद निवासी गांव बादली थाना पुन्हाना जिला नूंह व आरिफ उर्फ मग्गाड़ी निवासी बिसरू के रूप में हुई है। जिले के दो अलग-अलग थानों में दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक तावडू सीआईए अपराध की रोकथाम हेतु नगर के बाईपास पर मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि मुन्फैद पुत्र जमील निवासी गांव बादली थाना पुन्हाना जो एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो अवैध हथियार लिए हुए नगर के बस स्टैंड के सामने खड़ा है। सूचना के मुताबिक मौके पर पहुंच दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस को देख आरोपी ने भागने की कोशिश की,लेकिन पुलिस ने युवक को दबोच लिया। जिसने पूछताछ करने पर अपना नाम मुन्फैद पुत्र जमील निवासी गांव बादली थाना पुन्हाना बताया।जबकि तलाशी लेने पर पेंट की जेब से एक देशी तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ।जिसके संबंध में पूछताछ करने पर मुन्फैद कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तावडू शहर थाना पुलिस ने आरोपी मुन्फैद के विरुद्ध अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है, जबकि दूसरे मामले में पुलिस को सूचना मिली कि वाहन चोरी करने वाला गांव बिसरू निवासी आरिफ उर्फ मग्गाड़ी अवैध हथियार लेकर गांव के कब्रिस्तान बैठा है।सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक युवक को काबू कर लिया। जिसने पूछताछ में अपनी पहचान आरिफ उर्फ मग्गाड़ी निवासी बिसरू बताई।तलाशी लेने पर जेब से एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।बिछोर थाना पुलिस ने इस संदर्भ में आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।



# मौसम विज्ञान विभाग ने की हरियाणा में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 18 से 20 मई तक हरियाणा में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है। ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पडने.तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उपायुक्त ने जिला वासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है।

धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि जिला में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है, इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ लेकर चलें और निर्जलीकरण के शिकार होने से बचें। लू लगने पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों को लू से बचाव एवं उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं ओ. आर. एस. की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा गया है और लू लगने के लक्षण के कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर ओ.आर.एस. न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। लू लगना या हीट-स्ट्रोक, खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है।

**लू के लक्षण :-** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना भूख न लगना बेहोश होना।

**लू से बचने के उपाय :-** उपायुक्त ने कहा कि धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

**लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार :-** धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिडक़ाव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा ए.एन.एम. से ओ. आर. एस. की पैकेट के लिए संपर्क करें।

**क्या करें-** उपायुक्त ने कहा कि पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी,छाछ आदि का सेवन करें।

# पीएचसी भोजावास में मनाया गया उच्च रक्तचाप दिवस




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पीएचसी भोजावास में शुक्रवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने ग्रामीणों को उच्च रक्तचाप के लक्षण व बचाव के उपाय बताए। डॉ दीपांशु ने बताया कि उच्च रक्तचाप बिमारी का दूसरा स्वरूप है। उच्च रक्तचाप से बचने के लिए उन्होंने नमक तथा चीनी का सेवन कम से कम करने की सलाह दी। डिप्रेशन से बीपी तथा चिडचिडापन की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने संतुलित आहार तथा संतुलित व्यवहार करने की सलाह दी है। इस मौके पर एचआई राजकुमार, प्रेमलता, पूनम, मुकेश बाई, पुष्पा, रामबीर, सोनू, उमेद, सपना उपस्थित थे।






# फरीदाबाद को विकास की गति से जोडना मेरा लक्ष्य : किशन ठाकुर

## बसपा प्रत्याशी ने गांवों में हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बसपा प्रत्याशी लोकसभा फरीदाबाद किशन ठाकुर ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत पलवल क्षेत्र के दर्जनों गांवों फिरोजपुर, अगवानपुर, पातली, आल्हापुर,पलवल, ढेर मोहल्ला, बास मोहल्ला, कानूगो मोहल्ला रायपुर कलां का तूफानी दौर कर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने श्री ठाकुर का पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया। खासकर बुजुर्गों ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि किशन ठाकुर का संघर्ष हम पिछले 40 वर्षों से देख रहे है। मजदूरों और किसान की लड़ाई ये हमेशा बुलंद करते नजर आए है। इस बार जनता भी अपना धर्म निभाकर इनको मजबूत बनाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से ठाकुर भगत सिंह, अतर सिंह, अमर सिंह, रूपचंद, हुक्म सिंह, चौधरी नारायण, देवकीनंदन, महेश रावत, रमेश ठाकुर, भीम सिंह सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने पलवल में चुनावी कार्यालय का भी उद्घाटन किया।

# इनेलो सरकार बनने पर दिया जाएगा युवाओं को रोजगार : सुनील तेवतिया

## इनेलो प्रत्याशी ने हथीन क्षेत्र में दौरे कर मांगे अपने लिए वोट



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** इनेलो लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने इनेलो की सरकार आने पर युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। वहीं बुजुर्गों की पेंशन 7500 रूपए कर दी जाएगी और महिलाओं की सुरक्षा व हरियाणा का सम्पूर्ण विकास कर प्रदेश से गुण्डागर्दी को खत्म कर दिया जाएगा। श्री तेवतिया आज हथीन हलके के कलवाका, देहलाका, अतरचटा, स्यारोली, पौंडरी, मढनाका, घरौट सहित दर्जन भर गांवों में जनसम्पर्क कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनका पगड़ी बांधकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने कहा कि अगर आपने इस बार भाजपा को सफल बनाया तो अगली बार चुनाव होने की भी संभावना नहीं है। भाजपा सरकार अपने तरीके से काम करेगी और संविधान को समाप्त कर देगी। इसलिए इनेलो पार्टी को जिताना आवश्यक है। आप की वोट लोकतंत्र की रक्षा करेगी।

वहीं चौ. ओमप्रकाश चौटाला व विधायक अभय सिं चौटाला के हाथों को मजबूत करेगी। वर्तमान सरकार अपने वादे पर खरा नहीं उतर रही। बुजुर्गों की पेंशन बंद कर उन्हें परेशान करने का काम कर रही है। इस सरकार के राज में महंगाई बेकाबू हो गई। पढ़े लिखे युवा आज बेरोजगार घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ही पार्टियों ने सदैव अपना हितों को साधा है।

उन्होंने कहा कि दस वर्ष के कांग्रेस और दस वर्ष के भाजपा कार्यकालों के दौरान विकास कार्य नहीं किए। जिस कारण लोगों में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के प्रति गहरी नाराजगी है। आने वाले समय में इनेलो की सरकार बनेगी और सरकार बनते ही प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी से लोगों को छुटकारा दिलाया जाएगा। इस मौके पर इनेलो जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, वेद पहलवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उदयवीर सहरावत, केसर डागर, सुरेश मोर, अजय चौधरी, तैयब हुसैन, टेकचंद, चतरसिंह, रामसिंह, सोहनपाल सरपंच, प्रेमसिंह, बोबी तेवतिया, रामवीर, गिरधारी नेता जी, लोकेश बडगुज्जर, मोहनलाल, ओम प्रकाश सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# 300 से अधिक लोगों ने निशुल्क जांच शिविर लाभ उठाया



### तेजिंदर मेमोरियल एंड एस्कॉर्ट्स मेडिकेयर फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क जांच शिविर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर मार्केट नंबर-1 के परिसर में तेजिंदर सिंह मेमोरियल एंड एस्कॉर्ट्स मेडीकेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, निशुल्क एक्सरे, आंखों की जांच, हड्डी रोग की जांच सहित सामान्य रोगों की जांच की गई व निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर में फाउंडेशन की समन्वयक श्रीमती तपस्या मेहरा, डा. एस.के. शर्मा, डॉ दीपक कुमार, डा. मनीषा बांगा, श्रीमती ऊषा गेरा, वाई. एस. भाटी, जुगन कुमार व गंगा कुमार आदि स्टाफ शिविर में लोगों की जांच की। शिविर में 300 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि मंदिर परिसर में समय-समय पर इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता रहता है, इन शिविरों के माध्यम से कई जरूरतमंद लोग जो अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करवा पाते वे भी यहां आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवा लेते है। उन्होंने कहा कि शिविर में अनुभवी डाक्टरों द्वारा लोगों की जांच की गई और उन्हें दवाईयां व निशुल्क परामर्श भी दिए गए। राजेश भाटिया ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक कार्यो में मंदिर कमेटी हमेशा तत्पर रहती है और उनका प्रयास रहता है कि ऐसे शिविरों से लोगों का भला हो सके। उन्होंने तेजिंदर सिंह मेमोरियल एंड एस्कॉर्टस मेडिकेयर फाउंडेशन के सदस्यों का आभार जताते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी मंदिर कमेटी उन्हें ऐसे शिविरों के आयोजनों के लिए सहयोग करती रहेगी।

इस शिविर में मंदिर के चेयरमैन बंसीलाल को कुकरेजा, गुलशन बग्गा, जगदीश भाटिया, सोमनाथ ग्रोवर, गोपाल कृष्ण, प्रेम कुमार, जनक भाटिया, सीमा सितोरिया, राहुल झा, हरिंदर भाटिया, राकेश खन्ना, अनिल अरोड़ा, संदीप भाटिया, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, अमर बजाज, विशाल भाटिया, भारत कपूर, रविंद्र गुलाटी, सचिन भाटिया, अजय शर्मा, आशीष अरोड़ा, भव्य मलिक, अमित नरूला, सोनू पंडित, बबलू पंडित, लाला पंडित, रजनीश पंडित, रविंद्र पांडे पंडित, रामकिशन, संदीप कुमार, किशन कुमार, स्कूल के अध्यापिकाओं में सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, रजनी बजाज, रेखा वाधवा, मोनिका वर्मा, मान्या रतड़ा, कमला, नीलम, सोनिया व अन्य मौजूद रहे।

# चुनाव संबंधित जानकारी हासिल करने में टोल फ्री नंबर 1950 हो रहा है कारगर साबित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1950 चुनाव से संबंधित जानकारी हासिल करने में कारगर साबित हो रहा है।

इस पर आने वाले शिकायतों व अन्य चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्थानीय लघु सचिवालय में प्रथम तल पर टोल फ्री नंबर के लिए विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर मतदाता सूची, मतदान केंद्र संबंधित जानकारी प्राप्त करने के अलावा चुनाव से संबंधित सुझाव व शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं।

**आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 3583 शिकायतों का निपटारा**

विक्रम सिंह बताया की अब तक जिला में कुल 3583 शिकायत आ चुकी है और सभी की सभी शिकायतों का समय अनुसार समाधान कर दिया गया है और फिलहाल कोई भी शिकायत जिला में लंबित नहीं है मतदाता परिचय पत्र, मतदाता सूची, आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन और निर्वाचन से संबंधित किसी भी शिकायत को टोल फ्री नंबर पर दर्ज करने की व्यवस्था की गई है और उन्होंने बताया की इसके अलावा जो कॉल जानकारी प्राप्त करने के लिए आती हैं उन्हें चुनाव से संबंधित सटीक जानकारी प्रदान की जा रही है।

लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। अगर चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी है तो कोई भी नागरिक 1950 टोल फ्री नंबर पर कॉल करके सूचना प्राप्त कर सकता है।

# लोकसभा चुनाव के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतगणना केंद्रों का गंभीरता से किया निरीक्षण



### ईवीएम के रखरखाव व चुनाव सामग्री सहित सुरक्षा प्रबंधों की जांच करते हुए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

### बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र से की जांच शुरू और अंत में किया पृथला के मतगणना केंद्र का दौरा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने लोकसभा चुनाव के तहत विभिन्न मतगणना केंद्रों का गंभीरता से निरीक्षण किया। उन्होंने हर प्रकार की व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बल्लभगढ़ स्थित बहन सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्थापित किये गये बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र के निरीक्षण से दौरे की शुरुआत की। सायंकाल करीब सवा पांच बजे वे महाविद्यालय में पहुंचे, जहां उन्होंने तमाम व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की। साथ में उन्होंने संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी से भी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए समीक्षा की।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह इसके पश्चात सेक्टर-14 स्थित डीएवीएम स्कूल के महात्मा हंसराज सभागार में पहुंचे, जहां पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का मतगणना केंद्र स्थापित किया गया है। तदोपरांत वे सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में गए, जिसमें तिगांव विधानसभा क्षेत्र का मतगणना स्थापित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने पंजाबी भवन का भी दौरा किया, जहां पर पृथला विधानसभा क्षेत्र का मतगणना केंद्र स्थापित किया है। निरीक्षण दौरे के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बहुत विस्तृत रूप में मतगणना केंद्रों की जांच की। उन्होंने कमिशन्ड हुई ईवीएम की जानकारी भी ली। साथ में उन्होंने ईवीएम के रखरखाव सहित चुनाव सामग्री की भी पड़ताल की। उन्होंने मतगणना केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने इस दौरान मतगणना केंद्रों में बनाये गये स्ट्रॉंग रूम की विशेष रूप से पड़ताल की और कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली, पानी व शौचालय की व्यवस्था सहित किट बैग आदि की जांच भी की। साथ ही उन्होंने सुचारू रूप से मतगणना संपन्न करवाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी सतबीर मान, सहायक निर्वाचन अधिकारी त्रिलोकचंद, तहसीलदार भूमिका लांबा, तहसीलदार पायल यादव आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# डेयरियों को लेकर दहशत नहीं फैलाना चाहते... दिल्ली हाईकोर्ट



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गाजीपुर में डेयरी चलाने वाले कुछ किसानों की ओर से उठाई गई मांग पर नाराजगी जताई। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में डेयरियों की बदहाली से जुड़े मामले को पक्षकार के तौर पर सुने जाने की मांग की। कोर्ट ने शहर में दहशत फैलाने से बचने की संभावना जताई, लेकिन उन्होंने डेयरी कॉलोनियों में हालत की खारिज की। कोर्ट ने आवेदनकर्ता से कहा कि वह कोर्ट में आकर सवालों का जवाब दें और कोर्ट के रिकॉर्ड देखें।

**डेयरी चलाने के लिए जरूरी लाइसेंस**

कोर्ट ने कहा कि पहले अदालत को बताएं कि क्या उनके पास में डेयरी चलाने के लिए जरूरी चारों लाइसेंस हैं? क्या वो भरोसा दिला सकते हैं कि उनके मवेशी लैंडफिल साइट के पास चराने नहीं जाएंगे? डेयरियों में सफाई का पूरा ख्याल रखा जा रहा है और मवेशियों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है? मवेशियों को अवैध तरीके से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं?

**कोर्ट ने दिया निर्देश**

कोर्ट ने आवेदनकर्ता से कहा कि इलाके में कितनी डेयरियां चल रही हैं। बेंच ने कहा कि जगह-जगह पर मरे हुए मवेशी, ऑक्सीटोसिन का अंधाधुंध इस्तेमाल और सफाई की अनदेखी की तमाम तस्वीरें हमारे सामने आई, जिसके बाद आदेश जारी किए। इसके बाद कोर्ट ने आवेदनकर्ता से कहा कि वह ऊपर दिए गए सवालों का जवाब लेकर और कोर्ट में मौजूद रिकॉर्ड देखने के बाद कोर्ट में आए। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में आदेश पारित कर लैंडफिल साइट के पास बसी डेयरी कॉलोनियों-गाजीपुर और भलस्वा को दूसरी जगह पर शिफ्ट करने के आदेश पर अमल का दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है।


# पूर्व सैनिक कल्याण विभाग ने समाधान अभियान का किया आयोजन



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** पूर्व सैनिक कल्याण विभाग ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में बैंगडूबी आर्मी कैंप में अपने आउटरीच कार्यक्रम के तहत समाधान अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण विभाग) डॉ. नितेन चंद्रा ने भूतपूर्व सैन्य कर्मियों के साथ बातचीत की और सरकार की वचनबद्धता को दोहराया कि वह उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। उन्होंने भूतपूर्व सैन्य कर्मियों के लिए सरकार के समर्थन को भी दोहराया। समाधान अभियान पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करने तथा उनके साथ सक्रिय रूप से जुड़ने और विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित उनकी शिकायतों का समाधान करने की एक पहल है। समाधान अभियान अपनी सक्रिय सहभागिता एवं सार्थक संवाद के माध्यम से पूर्व सैनिकों के लिए एक अनुकूल माहौल बनाना चाहता है ताकि वे और आगे बढ़ सकें तथा समाज में अपना सकारात्मक योगदान दे सकें। इस अभियान के दौरान महानिदेशक पुनर्वास मेजर जनरल एसबीके सिंह ने पूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिए उपलब्ध विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने भूतपूर्व सैन्य कर्मियों से उनके लिए उपलब्ध उद्यमिता के अवसरों का लाभ उठाने का भी आह्वान किया।



# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, रेवाड़ी पुलिस व अर्धसैनिक बल ने शहर में निकला फ्लैग मार्च



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रेवाड़ी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशानुसार पर लोकसभा चुनाव के मध्यनजर शहर रेवाड़ी में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व बीएसएफ की टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की ।

डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार ने बताया कि 25 मई 2024 को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिला रेवाड़ी में लोकसभा चुनाव-2024 को शानतिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने बीएसएफ जवानों के साथ मिलकर शहर रेवाड़ी में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

डीएसपी ने बताया कि प्रबन्धक थाना शहर रेवाड़ी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, प्रबन्धक थाना माडल टाऊन निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रबन्धक थाना रामपुरा निरीक्षक मुकेश चन्द, लाईन अफसर निरीक्षक विक्रम सिंह एवं बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च राव अभय सिंह चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# सीबीएसई दसवीं व बारहवी कक्षा के परिणामों में माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया अच्छा प्रदर्शन



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सीबीएसई दसवीं व बारहवी कक्षाओं के घोषित परिणामों में, माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। प्राचार्य समर भारद्वाज ने बताया कि कक्षा दसवी की छात्रा वंशिका ने 95प्रतिशत, खुशी ने 95प्रतिशत, रिया ने 93प्रतिशत तथा हेतल ने 92प्रतिशत अंक लेकर शानदार सफलता हासिल की। दसवी कक्षा के 20 छात्रों ने मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाया।

कक्षा बारहवी में कॉमर्स की छात्रा पायल सैनी ने 97.4प्रतिशत अंक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। नान मैडिकल की छात्रा स्नेहा ने 93प्रतिशत अंक और मैडिकल की छात्रा गुण ने 92प्रतिशत अंक, लाजमी ने 90प्रतिशत अंक हासिल कर बाजी मारी।


बारहवी के 21 छात्रो ने मैरिट हासिल की। विद्यार्थियो की इस शानदार सफलता पर स्कूल के चेयरमन प्रवीन गोयल, निदेशक प्रशांत गोयल, स्कूल के प्रधानाचार्य समर भारद्वाज ने विद्यार्थियो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया और विद्यार्थियो को सम्मानित करके उनके मनोबल को बढाया।

इस कड़ी में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के छात्रों ने स्वरांजलि स्कूल मे आयोजित तायक्वांडो प्रतियोगिता में हीरल, ऋषभ और हृदयांश ने स्वर्ण पदक, लव्यांश ने रजत पदक, नेहल तथा हर्षिता ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सतीश पर्बलिक स्कूल में आयोजित योगा प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ईशानी, च्यवन ने स्वर्ण पदक, रोहित, सनाया ने रजत पदक तथा दिव्यांशी और गिताली ने कास्य पदक हासिल किया।

माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में याशिका, सारिक, दीपेन्द्र त्रिशा, अर्शिता, पीयूष, सारस ने स्वर्ण पदक, आखिल, लक्ष्य, देवेष, कीर्ति ने रजत पदक तथा जयंत, पीयूष, देवांश, ह्दयांश, भूमि और रियाशं ने कास्य पदक जीता।

# टीचर डुबोएंगे लोकसभा चुनाव में एनडीए की नैया!





**समाचार गेट/एजेंसी**

**पटना।** यह सच है कि बिहार के सरकारी टीचर और उनके परिवार न तो प्रधानमंत्री से नाराज हैं और न ही सीएम नीतीश कुमार से, लेकिन आईएएस अधिकारी केके पाठक से इतने नाराज हैं कि काफी टीचर सरकार के विरोध में मतदान कर रहे हैं या नोटा का बटन दबा रहे हैं, या फिर मतदान के प्रति उदासीन हैं। अब नाराज शिक्षकों का कोई आकलन तो नहीं कि वह किस हद तक सरकार का विरोध कर रहे हैं पर सोशल मीडिया पर कई जगह शिक्षक वर्तमान सरकार के विरोध में मतदान करने की बात तो कर रहे हैं।

**शिक्षक और छात्र अव्यभारिक निर्णय से परेशान**

बिहार के विश्लेषक और शिक्षण जैसे कार्यों से जुड़े डॉ. संजय कुमार मानते हैं कि शिक्षक वर्तमान सरकार से नाराज हैं। वजह केके पाठक के अव्यवहारिक निर्णय के कारण। अब हाल ही कि एक निर्णय जिसमें बच्चों और शिक्षकों को मॉर्निंग स्कूल में आने का समय 6 बजे रखा है। यह छात्र और शिक्षक दोनों के लिए परेशान करने वाला है ।6 बजे स्कूल आने के लिए ब्रह्म मुहूर्त में उठाना पड़ेगा। यह निश्चित रूप से परेशान करने वाला है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकांश अभिभावक छोटे मोटे काम करते हैं। कोई ठेला चलाता है या टेंपो। कोई किसी दुकान में काम करता है तो कोई सफाई अभियान हेतु काम करता है। ऐसे में थके हारे गार्जियन ही देर से उठते हैं। वह चाह कर भी 4 बजे नहीं उठेंगे तो बच्चों को स्कूल कैसे भेज पाएंगे। सबसे परेशानी वाला एक निर्णय ऐसा है कि जिसके तहत शिक्षा अधिकारी और शिक्षक मिल कर सुबह छह बजे तक 90 प्रतिशत बच्चों की उपसथिति नहीं लायेंगे तो उन पर भी कार्रवाई होगी।

# कथा से लौट रहीं दो बहनों की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश



**समाचार गेट/एजेंसी**

**आगरा।** थाना बरहन में दो सगी बहनों के शव देर रात पुलिस को रेलवे ट्रैक पर मिले हैं। इनके साथ तीसरी बहन भी थी। तीसरी लड़की अभी तक लापता है। शवों की जानकारी पुलिस को जीआरपी से मिली है। शवों की शिनाख्त बरहन के गांव नगला छबीली के महेश बाल्मीकि की बेटियों के रुप में हुई है। इनके साथ तीसरी बहन शिवानी भी थी। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी है। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया है कि तीनों बहने गुरुवार को भागवत कथा सुनने के लिए गई थीं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि रास्ते में वे ट्रेन की चपेट में आ जाने से दोनों की मौत हो गई है।

थाना बरहन पुलिस के अनुसार दिल्ली-हावड़ा ट्रैक पर नगला छबीली के पास किलोमीटर संख्या 1265 पर दो युवतियों के शवों की जानकारी मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्होंने शवों की शिनाख्त के लिए गांव के लोगों को सूचना दी। युवतियों की पहचान गोहिला गांव के महेश वाल्मीकि की बेटी किरण 22, और सरिता 20 वर्ष के रुप में हुई। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि तीनों बहनें गुरुवार रात को भागवत कथा सुनने के लिए गई थीं। तीसरी बेटी शिवानी (18) अभी तक गायब है, उसकी खोजबीन के लिए पुलिस जुटी है। एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा ने बताया कि पुलिस मौके पर जांच कर रही है। तीनों युवतियां कैसे पहुंची। इस बारे में परिवार से बात की जा रही है, लेकिन अभी तक उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है।

**तीसरी बहन का नहीं चला पता**

थानाध्यक्ष बरहन का कहना है कि परिवार के लोग कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। रात को ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत की जानकारी मिली है। तीसरी बहन भी इनके साथ थी, उसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा का कहना है कि घरवालों ने इसकी जानकारी भी नहीं दी है कि वे कहां जाने की जानकारी देकर निकली थीं। तीसरी लड़की के गायब होने की जानकारी भी उन्हें गांव वालों से मिली है। मौके पर पुलिस जानकारी कर रही है।

# झारखंड में तीन दिनों हीट वेव का अलर्ट



**समाचार गेट/एजेंसी**

**रांची।** झारखंड में 22 मई से प्री-मॉनसून बारिश की शुरुआत होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिणी बिहार की तरफ से साइक्लोनिक सर्कुलेशन के गुजरने की वजह से रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में आज बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन शनिवार से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेलसियस की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं 19 मई से संताल परगना प्रमंडल के कुछ जिलों के अलावा रांची, पलामू, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, बोकारो और कोल्हान क्षेत्र में लू चल सकती है।







समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# स्वाति मालीवाल बदसलूकी केस में केजरीवाल पर चौतरफा हमला



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल से मारपीट और बदसलूकी मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर बीजेपी ने करारा अटैक किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 13 मई से लेकर अब तक अरविंद केजरीवाल ने अपनी ही पार्टी की राज्यसभा सांसद के विषय में एक भी शब्द नहीं बोला है। मुख्यमंत्री के घर में सीएम केजरीवाल के रहते हुए उनके दाएं हाथ माने जाने वाले विभव कुमार ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद, DCW की पूर्व अध्यक्ष के साथ मारपीट की गई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सामने आकर क्षमा मांगनी चाहिए। निर्मला ने कहा कि दिल्ली महिलाओं में डर का माहौल है।

**स्वाति केस में सीएम केजरीवाल ही जिम्मेदार- सीतारमण**

स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में निर्मला सीतारमण ने कहा कि संजय सिंह बोले आरोपी पर एक्शन होगा। हालांकि, उन पर एक्शन नहीं हुआ। विभव कुमार पर कार्रवाई तो दूर लखनऊ में सीएम केजरीवाल के साथ वो घूम रहे। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो वो प्रेस कॉन्फ्रेंस में माइक दूसरी ओर घुमा रहे। इतने गंभीर मामले में कुछ भी नहीं बोल रहे। मुख्यमंत्री होते हुए भी आप अपनी पार्टी की महिला राज्यसभा सांसद से मारपीट पर चुप्पी तक नहीं तोड़ रहे। इस मामले में सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही जिम्मेदार नजर आ रहे।

**मालीवाल मारपीट केस में रेखा शर्मा ने भी किया कमेंट**

उधर, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने भी पूरे मामले में बड़ा अपडेट दिया है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा कि जब हमने सोशल मीडिया पर यह देखा तो स्वतः संज्ञान लिया। मैं सब कुछ करीब से देख रही थी और मैंने स्वाति मालीवाल से पूरे मामले में शिकायत दर्ज कराने का अनुरोध किया था। अब स्वाति मालीवाल ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने एफआईआर में जिन धाराओं के तहत मामला किया है उसकी जानकारी मुझे मिल गई है। इस केस में हमारे पास एक्शन टेकेन रिपोर्ट आ गई है। एनसीडब्ल्यू चीफ ने कहा कि स्वाति मालीवाल से भले ही हमारे वैचारिक मतभेद रहे हों लेकिन मारपीट मामले में हम उनके साथ हैं।

# महिला ने ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर दे दी जान



**समाचार गेट/एजेंसी**


**मध्य प्रदेश।** सतना जिले से रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। इस घटना के बाद किसी पिता का अपनी बेटी का शादी करने को दिल कैसे करेगा। दरअसल, बीते दिन एक विवाहित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके साथ हुई प्रताड़ना का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें उस महिला के साथ ससुराल वालों द्वारा जमकर मारपीट की जा रही है। इस घटना को लेकर मृतक महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें, कि मामला सतना के सिविल लाइन थाना अंतर्गत सोहावल का है। जहां बीते दिन अंजली चौधरी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के पहले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें महिला के साथ उसके पति और परिवार वालों द्वारा जमकर मारपीट की जा रही है। इस वीडियो में अंजली का पति छोटे छोटे बच्चों के सामने ही उसे बेरहमी से मार रहा था। वहां कई लोग हाथ पर हाथ रखे हुए सब कुछ देख रहे थे।

**पुलिस का कहना**

मृतिका अंजली के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घटना पर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है किशव का पीएम कराया जाएगा। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की भी जांच की जाएगी।

# शर्ट पर दाग और दो किताबें गुम करने पर बेटे को मार डाला



**समाचार गेट/एजेंसी**

**गुरुग्राम।** सरहौल गांव में स्कूल से लौटे 8 साल के बच्चे की हत्या के आरोप में अरेस्ट की गई उसकी मां पूनम को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने जेल भेज दिया। सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच टीम ने महिला को अरेस्ट कर बुधवार को कोर्ट में पेश कर 1 दिन के रिमांड पर लिया था। पूछताछ में महिला ने कबूला कि स्कूल से लौटे 8 साल के कार्तिक की शर्ट पर पुट्टी का दाग लगा था। इसके साथ ही वह 2 किताबें भी गुम कर आया था। इसी के चलते उसने बच्चे को पहले कपड़े निकालकर कमरे के बाहर खड़ा कर दिया। फिर भी बच्चा इससे दुकान पर जाने की जिद करने लगा तो उसने अपनी चुन्नी से उसका गला घोंट दिया, जिसके कारण बच्चे की मौत हो गई।


**पहली क्लास में पढ़ता था कार्तिक**

सरहौल गांव में ये मामला 13 मई की दोपहर करीब 2 बजे सामने आया। गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में 8 साल का कार्तिक पहली क्लास में पढ़ता था। परिवार यूपी के लखीमपुर खीरी का मूल निवासी है जिसमें 8 साल का कार्तिक, पिता अरविंद और मां पूनम हैं। 13 मई को जब अरविंद घर पहुंचा तो पत्नी की गोद में बेटा बेहोश था। उसे निजी हॉसपिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**डॉक्टर ने दी थी पुलिस को सूचना**

डॉक्टर ने बच्चे के गले पर निशान देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद सेक्टर-18 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अरविंद के बयान पर हत्या की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद महिला को इस मामले में अरेस्ट कर लिया गया। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बताया कि रिमांड के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# लंगोट में दौड़ने के बाद युद्ध में दहाड़ते कार्तिक आर्यन




**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन चंदू चैंपियन के लिए अपने शानदार ट्रांसफॉर्मेशन से अपने फैंस को चौंका रहे हैं। कबीर खान की फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज होने के बाद से ही फैंस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले दो दिनों में, मेकर्स ने फिल्म के बैक-टू-बैक 2 पोस्टर लॉन्च किए हैं, जिसमें एक्टर अपनी बॉडी और एब्स को दिखाते नजर आ रहे हैं। अब, कार्तिक के बर्थडे पर मेकर्स ने फिल्म से 8 मिनट लंबे वॉर सीक्वेंस की एक झलक शेयर की है, और ये पहले वाले से भी ज्यादा शानदार है। कार्तिक ने लिखा, 8 मिनट लंबे सिंगल टेक वॉर सीक्वेंस की झलक। मेरे अब तक के करियर का सबसे प्राउड पल- गौरवशाली भारतीय सेना के एक सैनिक की भूमिका निभाना, चंदू चैंपियन के जीवन के कई पहलुओं में से एक !

**भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम! चंदूचैंपियन। ट्रेलर कल आएगा।**

चंदू चैंपियन एक सच्ची कहानी पर बेस्ड है, जिसमें कार्तिक भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडल विनर मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म कथित तौर पर भारतीय सेना में लड़ते समय पेटकर की गंभीर चोटों में से एक को दिखाएगी और कैसे उन्होंने उस पर काबू पाया। चंदू चैंपियन में भुवन अरोड़ा, पलक लालवानी और एडोनिस कपसालिस भी लीड रोल्स में हैं। फिल्म 14 जून को रिलीज होगी।

